आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
भारत सरकार का उपक्रम- परमाणु ऊर्जा विभाग
(A Govt. of India Undertaking – Dept. of Atomic Energy)
प्लॉट नं.1207, वीर सावरकर मार्ग, सिद्धिविनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई-400028
Plot No.1207, Veer Savarkar Marg, Near Siddhivinayak Temple, Prabhadevi, Mumbai- 400028
सीआईएन/CIN: U15100MH1950GOI008187

**विज्ञापनसं. CO/HRM/35/2026**

## नियमित आधार पर कार्यकारियों की नियुक्ति के लिए विस्तृत विज्ञापन

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के एक मिनी रत्न श्रेणी-I का उपक्रम है, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में स्थित है और जो इल्मेनाइट, रुटाइल, जिरकॉन, सिल्मेनाइट, गार्नेट आदि का उत्पादन करने के लिए चवरा (केरल), मणवालकुरिच्चि (तमिलनाडु) और उड़ीसा सैंड कॉम्प्लेक्स (ऑसकॉम) (ओडिशा) में उसके परमाणु खनिज खनन और खनिज पृथक्करण संयंत्रों का प्रचालन कर रहा है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा में एक रेअर अर्थ्स एक्सट्रैक्शन प्लांट (आरईईपी) की स्थापना की है, जिसमें लगभग 11,000 टन रेअर अर्थ्स कॉन्सेंट्रेट का उत्पादन करने की क्षमता मौजूद है एवं रेअर अर्थ्स प्रभाग, अलुवा में स्वतंत्र रूप से रेअर अर्थ ऑक्साइड/कार्बोनेट्स का उत्पादन करने के लिए अलग से हाई प्योर रेअर अर्थ्स (एचपीआरई) प्लांट की स्थापना की गई है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा के गंजाम जिले में एक नया परमाणु खनिज खनन (मिनरल माइनिंग) एवं खनिज पृथक्करण संयंत्र (मिनरल सिपरेशन प्लांट) स्थापित करने के लिए ओडिशा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम, खनन एवं खनिज पृथक्करण के लिए तमिलनाडु मिनरल्स लिमिटेड (टीएएमआईएन) के साथ संयुक्त उद्यम तथा ओडिशा में टाइटेनियम स्लैग प्लांट की स्थापना के लिए यूकेटीएमपी जेएससी, कजाकिस्तान के साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित किया है। इसके अलावा, कंपनी की आगामी प्रतिष्ठित परियोजनाओं में भोपाल, मध्य प्रदेश में रेअर अर्थ्स एवं टाइटेनियम थीम पार्क परियोजना शामिल हैं।

विकास एवं परिवर्तन संबंधी चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए, आईआरईएल ऑनलाइन मोड के माध्यम से अपनी विभिन्न परियोजनाओं/इकाइयों/कार्यालयों के लिए निम्नलिखित पदों (नियमित) के लिए योग्य, प्रतिभाशाली, अनुभवी, ऊर्जावान और गतिशील भारतीय नागरिकों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय | **20/07/2026 (10:00 घंटे)** |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय | **10/08/2026 (18:00 घंटे)** |

**आवेदन करने के लिए यहाँ क्लिक करें:**

IREL (India) Limited

## 1.0 रिक्तियों/पदों का सारांश:

**सारणी -1**

| क्र. सं. | पद | विषय | ग्रेड | योग्यता | पद-अनुभव । (वर्षों में) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **तकनीकी पद** | | | | | | |
| 1 | मुख्य प्रबंधक | यांत्रिक | ई-5 | बी.ई./बी.टेक | 13 | 1 |
| 2 | उप प्रबंधक | यांत्रिक | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 1 |
| 3 | सहायक प्रबंधक | यांत्रिक | ई-1 | बी.ई./बी.टेक | 2 | 6 |
| 4 | मुख्य प्रबंधक | विद्युत | ई-5 | बी.ई./बी.टेक | 13 | 1 |
| 5 | उप प्रबंधक | विद्युत | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 3 |
| 6 | सहायक प्रबंधक | विद्युत | ई-1 | बी.ई./बी.टेक | 2 | 4 |
| 7 | उप प्रबंधक | रासायनिक | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 1 |
| 8 | सहायक प्रबंधक | रासायनिक | ई-1 | बी.ई./बी.टेक | 2 | 4 |
| 9 | उप प्रबंधक | खनिज | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 2 |
| 10 | प्रबंधक | खनन | ई-3 | बी.ई./बी.टेक | 8 | 1 |
| 11 | सहायक प्रबंधक | खनन | ई-1 | बी.ई./बी.टेक | 2 | 4 |
| 12 | उप प्रबंधक | वाणिज्य/क्रय | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 2 |
| 13 | उप प्रबंधक | औद्योगिक सुरक्षा | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 2 |
| 14 | सहायक प्रबंधक | औद्योगिक सुरक्षा | ई-1 | बी.ई./बी.टेक | 2 | 2 |
| 15 | सहायक प्रबंधक | इंस्ट्रूमेंटेशन | ई-1 | बी.ई./बी.टेक | 2 | 1 |
| 16 | उप महाप्रबंधक | सूचना प्रौद्योगिकी | ई-6 | बी.ई./बी.टेक | 16 | 1 |
| 17 | प्रबंधक | सूचना प्रौद्योगिकी | ई-3 | बी.ई./बी.टेक | 8 | 1 |
| 18 | उप प्रबंधक | सूचना प्रौद्योगिकी | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 3 |
| 19 | उप प्रबंधक | भूविज्ञान | ई-2 | एम.एससी | 6 | 1 |
| **गैर - तकनीकी पद** | | | | | | |
| 20 | वरिष्ठ प्रबंधक | विधि | ई-4 | एलएलबी | 10 | 1 |
| 21 | प्रबंधक | विधि | ई-3 | एलएलबी | 8 | 3 |
| 22 | वरिष्ठ प्रबंधक | सुरक्षा | ई-4 | स्नातक (भूतपूर्व सैनिक) | 10 | 1 |
| 23 | प्रबंधक | सुरक्षा | ई-3 | स्नातक (भूतपूर्व सैनिक) | 8 | 1 |
| 24 | वरिष्ठ प्रबंधक | चिकित्सा | ई-4 | एम.बी.बी.एस | 10 | 1 |
| 25 | महाप्रबंधक | वित्त | ई-7 | सीए/सीएमए/एमबीए | 20 | 1 |
| 26 | मुख्य प्रबंधक | वित्त | ई-5 | सीए/सीएमए/एमबीए | 13 | 3 |
| 27 | वरिष्ठ प्रबंधक | वित्त | ई-4 | सीए/सीएमए/एमबीए | 10 | 1 |
| 28 | उप प्रबंधक | वित्त | ई-2 | सीए/सीएमए/एमबीए | 5 | 2 |

IREL (India) Limited

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | सहायक प्रबंधक | वित्त | ई-1 | सीए/सीएमए/एमबीए | 2 | 1 |
| 30 | उप महाप्रबंधक | विपणन | ई-6 | बी.ई./बी.टेक + एमबीए | 16 | 2 |
| 31 | उप प्रबंधक | बिक्री | ई-2 | बी.ई./बी.टेक | 5 | 6 |
| 32 | उप प्रबंधक (प्रशासन) | मासंप्र (प्रशासन) | ई-2 | एमबीए/एमए/एमएसडब्ल्यू (मासंप्र) | 5 | 1 |
| 33 | उप प्रबंधक | विधि एवं मासंप्र | ई-2 | एलएलबी + एमबीए/एमए/एमएसडब्ल्यू (मासंप्र) | 5 | 1 |
| 34 | सहायक प्रबंधक | मासंप्र | ई-1 | एमबीए/एमए/एमएसडब्ल्यू (मासंप्र) | 2 | 4 |
| 35 | सहायक प्रबंधक | राजभाषा | ई-1 | एमए | 2 | 2 |
| 36 | सहायक प्रबंधक | कंपनी सचिव | ई-1 | कंपनी सचिव (सीएस) | 2 | 1 |

“पदों से संबंधित विवरण नीचे सारणी -2 में प्रदान किया गया हैं।

**रिक्तियों/पदों का विवरण:**

**तकनीकी पद:** **सारणी-2**

| **पद का नाम / ग्रेड / वेतनमान<br>प्रस्तावित सीटीसी<br>अधिकतम आयु सीमा<br>प्रारम्भिक नियुक्ति का संभावित स्थान** | **निर्धारित शैक्षणिक योग्यता** | **न्यूनतम प्रासंगिक पद-अनुभव। (वर्षों में) #** | **पदों की संख्या एवं आरक्षण** |
|---|---|---|---|
| **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
| मुख्य प्रबंधक-तकनीकी (यांत्रिक)<br>(ई-5)<br>रु. 80,000-2,20,000/-<br>सीटीसी - 26.70 लाख<br>42 वर्ष<br>ऑसकॉम, उड़ीसा | यांत्रिक इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष | यांत्रिक इंजीनियरिंग और बड़े विनिर्माण स्थापना के रखरखाव में 13 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| उप प्रबंधक-तकनीकी (यांत्रिक)<br>(ई-2)<br>रु . 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष.<br>मणवालकुरिच्चि,<br>तमिलनाडु | | यांत्रिक इंजीनियरिंग और बड़े विनिर्माण स्थापना के रखरखाव में 05 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| सहायक प्रबंधक -तकनीकी (यांत्रिक)<br>(ई-1)<br>रु . 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष.<br>2-चवरा, केरल/ | | यांत्रिक इंजीनियरिंग और बड़े विनिर्माण स्थापना के रखरखाव में 02 वर्ष का अनुभव।। | **6**<br>[3-अनारक्षित,<br>1-ओबीसी (एनसीएल),<br>1-ईडब्ल्यूएस, |

IREL (India) Limited

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2-ऑसकॉम, उड़ीसा/<br>2-आरईडी, अलुवा, केरल | | | 1-एसटी] |
| मुख्य प्रबंधक-तकनीकी (विद्युत)<br>(ई-5)<br>रु . 80,000-2,20,000/-<br>सीटीसी - 26.70 लाख<br>42 वर्ष<br>ऑसकॉम, उड़ीसा | | बड़े विनिर्माण स्थापना के विद्युत रख-रखाव में 13 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(ओबीसी-एनसीएल) |
| उप प्रबंधक-तकनीकी ( विद्युत)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>2-मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु<br>1-ऑसकॉम, उड़ीसा | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक<br>या इसके समकक्ष | बड़े विनिर्माण स्थापना के विद्युत रख-रखाव में 05 वर्ष का अनुभव।। | **3**<br>[1-अनारक्षित,<br>1-ईडब्ल्यूएस,<br>1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| सहायक प्रबंधक-तकनीकी (विद्युत)<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष.<br>ऑसकॉम, उड़ीसा | | बड़े विनिर्माण स्थापना के विद्युत रख-रखाव में 02 वर्ष का अनुभव।। | **4**<br>[2-अनारक्षित,<br>1-ओबीसी (एनसीएल),<br>1-ईडब्ल्यूएस] |
| उप प्रबंधक-तकनीकी (रसायन)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष.<br>आरईडी, अलुवा, केरल | रसायन इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक<br>या इसके समकक्ष | विनिर्माण, खनन तथा अनुसंधान उद्योग में 05 वर्ष का अनुभव। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| सहायक प्रबंधक-तकनीकी (रसायन )<br>(ई-1)<br>रु . 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष.<br>3-ऑसकॉम, उड़ीसा / 1-आरईपीएम, विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश | | विनिर्माण, खनन तथा अनुसंधान उद्योग में 02 वर्ष का अनुभव। | **4**<br>[2-अनारक्षित,<br>1-ओबीसी (एनसीएल),<br>1-ईडब्ल्यूएस] |
| उप प्रबंधक-तकनीकी (खनिज)<br>(ई-2)<br>रु . 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>चवरा, केरल | खनिज प्रसंस्करण / खनिज इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक<br>या इसके समकक्ष | अधिमानतः बीच सैंड मिनरल खानों में गैर-लौह / धात्विक खानों में शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत न्यूनतम 05 वर्ष का कार्यकारी स्तर का अनुभव।।<br>खनिज प्रसंस्करण संयंत्रों में कार्य करने का ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव। जिनमें ग्रैविटी सेपरेटर, इलेक्ट्रोस्टैटिक सेपरेटर, फ्लोटेशन आदि सम्मिलित हों। | **2**<br>[1-अनारक्षित,<br>1-ओबीसी (एनसीएल)] |

IREL (India) Limited

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक-तकनीकी (खनन)<br>(ई-3)<br>रु. 60,000-1,80,000/-<br>सीटीसी - 20.02 लाख<br>35 वर्ष.<br>चवरा, केरल | MMR-1961 के अंतर्गत DGMS द्वारा जारी द्वितीय श्रेणी खान प्रबंधक दक्षता प्रमाणपत्र सहित खनन इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष | धात्विक खानों में शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत न्यूनतम 08 वर्ष का कार्यकारी स्तर का अनुभव।।<br><br>स्वचालित कार्य-परिसर में कार्य करने का ज्ञान तथा कार्यालय स्वचालन उपकरणों में दक्षता अनिवार्य है। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| सहायक प्रबंधक-तकनीकी (खनन)<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>3-ऑसकॉम, उड़ीसा /<br>1-चवरा, केरल | | गैर-लौह / धात्विक खानों में शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत न्यूनतम 02 वर्ष का कार्यकारी स्तर का अनुभव।<br><br>स्वचालित कार्य-परिसर में कार्य करने का ज्ञान तथा कार्यालय स्वचालन उपकरणों में दक्षता अनिवार्य है। | **4**<br>[2-अनारक्षित, 1-ओबीसी (एनसीएल), 1-ईडब्ल्यूएस] |
| उप प्रबंधक –तकनीकी (वाणिज्यिक/क्रय)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>1-चवरा, केरल<br>1-मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | किसी भी विषय में बी.ई./बी.टेक या इसके समकक्ष | अधिमानतः खनन, खनिज प्रसंस्करण या भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र में खरीद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, अनुबंध अथवा वाणिज्यिक कार्यों में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।। | **2**<br>[1- एससी, 1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| उप प्रबंधक –तकनीकी<br>(औद्योगिक सुरक्षा)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>2- ऑसकॉम, उड़ीसा | फायर एवं सेफ्टी विषय में बीई / बी.टेक / बीएससी(इंजीनियरिंग) / समेकित एमटेक अथवा एमई 5 वर्षीय<br>उपर्युक्त के समकक्ष माने जाने वाले पाठ्यक्रम / विषय स्वीकार नहीं किए जाएंगे।<br>फायर इंजीनियरिंग में बीई करने वाले उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे। | संबंधित विषय में अधिमानतः खनन, खनिज प्रसंस्करण या भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र में बड़े विनिर्माण प्रतिष्ठान में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।। | **2**<br>[1- एससी, 1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| सहायक प्रबंधक - तकनीकी<br>(औद्योगिक सुरक्षा)<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>1-चवरा, केरल /<br>1- आरईडी, अलुवा, केरल | | संबंधित विषय में अधिमानतः खनन, खनिज प्रसंस्करण या भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र में बड़े विनिर्माण प्रतिष्ठान में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।। | **2**<br>[1- अनारक्षित, 1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| सहायक प्रबंधक-तकनीकी (इन्सट्रूमेंटेशन)<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>ऑसकॉम, उड़ीसा | इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग / इंस्ट्रूमेंटेशन एवं नियंत्रण इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक अथवा इसके समकक्ष डिग्री। | संबंधित विषय में अधिमानतः खनन, खनिज प्रसंस्करण या भारी इंजीनियरिंग क्षेत्र में बड़े विनिर्माण प्रतिष्ठान में फील्ड इंस्ट्रूमेंट्स—जैसे ट्रांसमीटर, वाल्व, कंट्रोलर—तथा PLC/SCADA/DCS जैसे नियंत्रण प्रणालियों के रखरखाव, स्थापना एवं कमीशनिंग में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| उप महाप्रबंधक -तकनीकी (IT)<br>(ई-6) | कंप्युटर विज्ञान / आईटी इंजीनियरिंग में बीई / | निम्न में से किसी भी क्षेत्र में न्यूनतम 16 वर्ष का अनुभव।: | **1**<br>(अनारक्षित) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| रु. 90,000-2,40,000/-<br>सीटीसी - 30.04 लाख<br>46 वर्ष<br>1- कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | बी.टेक अथवा इसके समकक्ष। | सिस्टम प्रबंधन, ईआरपी के कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण, प्रतिष्ठित संगठन में नेटवर्क प्रशासन एवं अनुरक्षण<br>**वांछनीय:** उम्मीदवार में कंपनी-भर में सभी सिस्टम-संबंधित पहलों को लागू करने एवं समन्वित करने हेतु उत्तम प्रशासनिक कौशल होना चाहिए। LAN/WAN नेटवर्किंग, इंट्रानेट तथा ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर घटकों—जैसे JAVA, ASP, PostgreSQL, CSS, HTML—का उपयोग करते हुए मॉड्यूल सॉफ़्टवेयर विकास का अनुभव। तथा सिस्टम सुरक्षा का ज्ञान होना चाहिए। | |
| प्रबंधक-तकनीकी (आईटी)<br>(ई-3)<br>रु. 60,000-1,80,000/-<br>सीटीसी - 20.02 लाख<br>35 वर्ष<br>1-ऑसकॉम, उड़ीसा | | निम्न में से किसी भी क्षेत्र में न्यूनतम 08 वर्ष का अनुभव।<br>सिस्टम प्रबंधन, ईआरपी के कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण, प्रतिष्ठित संगठन में नेटवर्क प्रशासन एवं अनुरक्षण | **1**<br>(अनारक्षित) |
| उप प्रबंधक-तकनीकी (आईटी)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>1-चवरा, केरल/<br>1-आरईडी, अलुवा, केरल/<br>1-मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | | निम्न में से किसी भी क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।<br>सिस्टम प्रबंधन, ईआरपी के कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण, प्रतिष्ठित संगठन में नेटवर्क प्रशासन एवं अनुरक्षण | **3**<br>[1-अनारक्षित, 1-ईडब्ल्यूएस, 1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| उप प्रबंधक-तकनीकी (भूविज्ञान)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>आईआरसीआरसी, अलूवा, केरल | भूविज्ञान/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में एमएससी डिग्री या भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में एमएससी टेक | धात्विक खानों में खनन संचालन का न्यूनतम 06 वर्ष का अनुभव। तथा एमएमडीआर/ एमसीडीआर/एमसीआर आदि के अंतर्गत प्रासंगिक विधिक प्रावधानों का समुचित ज्ञान होना आवश्यक है। यूएनएफसी दिशानिर्देशों के अनुसार मैपिंग, संसाधन एवं भंडार आकलन, उत्खनन योजना, गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पाद सामंजस्य आदि का ज्ञान होना चाहिए। नमूनाकरण एवं विश्लेषण हेतु आईएसओ मानकों का सुदृढ़ ज्ञान तथा उत्खनन, योजना, निगरानी एवं ग्रेड नियंत्रण में प्रयुक्त अनुप्रयोग सॉफ़्टवेयर/सांख्यिकीय उपकरणों का अनुभव। वांछनीय है। संसाधन मॉडलिंग एवं आकलन तथा ग्रेड नियंत्रण हेतु प्रयुक्त सॉफ़्टवेयर का अनुभव। होना अतिरिक्त लाभकारी होगा। | **1**<br>(अनारक्षित) |

IREL (India) Limited

**गैर-तकनीकी पद:**

| पद का नाम / ग्रेड / वेतनमान<br>प्रस्तावित सीटीसी<br>अधिकतम आयु सीमा<br>प्रारम्भिक नियुक्ति का संभावित स्थान | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद-अनुभव। (वर्षों में) # | पदों की संख्या एवं आरक्षण |
|---|---|---|---|
| **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
| वरिष्ठ प्रबंधक (विधिक)<br>(ई-4)<br>रु. 70,000-2,00,000/-<br>सीटीसी - 23.36 लाख<br>38 वर्ष.<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | कानून में स्नातक (एलएलबी) (3 वर्षीय) उपाधि या इसके समकक्ष | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत सरकार / सार्वजनिक उपक्रम / औद्योगिक संगठन / विधि फर्म के विधिक विभाग में अनुबंध प्रबंधन, मध्यस्थता एवं सुलह, खनिज एवं खनन संबंधी विषय, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण कानून, सिविल एवं श्रम मामलों से संबंधित कार्यों का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>[ओबीसी-एनसीएल] |
| प्रबंधक (विधिक)<br>(ई-3)<br>रु. 60,000-1,80,000/-<br>सीटीसी - 20.02 लाख<br>35 वर्ष<br>1-चवरा, केरल/<br>1-ऑसकॉम, उड़ीसा/<br>1-मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत सरकार / सार्वजनिक उपक्रम / औद्योगिक संगठन / विधि फर्म के विधिक विभाग में अनुबंध प्रबंधन, मध्यस्थता एवं सुलह, खनिज एवं खनन संबंधी विषय, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण कानून, सिविल एवं श्रम मामलों से संबंधित कार्यों का न्यूनतम 08 वर्ष का अनुभव।। | **3**<br>[1- अनारक्षित,<br>1- एससी,<br>1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा)<br>(ई-4)<br>रु. 70,000-2,00,000/-<br>सीटीसी - 23.36 लाख<br>38 वर्ष<br>ऑसकॉम, उड़ीसा | भारतीय रक्षा सेवाओं से सेवानिवृत्त स्नातक, जिनका पद भारतीय सेना में **मेजर** से कम न हो, या भारतीय नौसेना/भारतीय वायुसेना/अर्धसैनिक बलों—जैसे CISF, CRPF, BSF, AR, ITBP, NSG, SSG आदि—में समकक्ष पद पर रहा हो। | सुरक्षा प्रबंधन में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव। अनिवार्य है।<br><br>**वांछनीय:**<br>a. **ओड़िया भाषा का पठन/वाचन।**<br>b. **अग्निशमन का ज्ञान/अनुभव।।** | **1**<br>(अनारक्षित) |
| प्रबंधक (सुरक्षा)<br>(ई-3)<br>रु. 60,000-1,80,000/-<br>सीटीसी - 20.02 लाख<br>35 वर्ष<br>चवरा, केरल | भारतीय रक्षा सेवाओं से सेवानिवृत्त स्नातक, जिनका पद भारतीय सेना में **कैप्टन** से कम न हो, या भारतीय नौसेना/भारतीय वायुसेना/अर्धसैनिक बलों—जैसे CISF, CRPF, BSF, AR, ITBP, NSG, SSG आदि—में समकक्ष पद पर रहा हो। | सुरक्षा प्रबंधन में न्यूनतम 08 वर्ष का अनुभव। अनिवार्य है।<br><br>वांछनीय:<br>a. **मलया लम भाषा का पठन/वाचन।**<br>b. **अग्निशमन का ज्ञान/अनुभव।।** | **1**<br>(अनारक्षित) |

IREL (India) Limited

| पद का नाम / ग्रेड / वेतनमान<br>प्रस्तावित सीटीसी<br>अधिकतम आयु सीमा<br>प्रारम्भिक नियुक्ति का संभावित स्थान | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद-अनुभव। (वर्षों में) # | पदों की संख्या एवं आरक्षण |
|---|---|---|---|
| **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
| वरिष्ठ प्रबंधक (चिकित्सा)<br>(ई-4)<br>रु. 70,000-2,00,000/-<br>सीटीसी - 23.36 लाख<br>38 वर्ष<br>ऑसकॉम, उड़ीसा | विश्वविद्यालय से एलोपैथिक प्रणाली में एमबीबीएस डिग्री प्राप्त हो तथा यह डिग्री भारत के चिकित्सा परिषद द्वारा अनुमोदित हो।<br><br>जिन उम्मीदवारों के पास इंडस्ट्रियल हेल्थ के एसोसिएट फ़ेलो) तथा/या एलोपैथिक प्रणाली में एमडी उपाधि है, उन्हें एमबीबीएस योग्यता वाले उम्मीदवारों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता उपरांत अनुभव। में 02 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। | संबंधित क्षेत्र में शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत 10 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| महाप्रबंधक-वित्त<br>(ई-7)<br>रु. 1,00,000-2,60,000/-<br>सीटीसी - 33.38 लाख<br>50 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | योग्यताधारी चार्टर्ड अकाउंटेंट / कॉस्ट अकाउंटेंट<br>या<br>बी.कॉम तथा एमबीए (वित्त) या इसके समकक्ष।<br><br>नोट: न्यूनतम 60% / 55% अंकों की अनिवार्यता केवल एमबीए योग्यता के लिए लागू होगी। | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत, वित्तीय प्रबंधन, कोष संचालन, बजट निर्माण, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखा परीक्षण तथा वित्तीय योजना से संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| मुख्य प्रबंधक-वित्त<br>(ई-5)<br>रु. 80,000-2,20,000/-<br>सीटीसी - 26.70 लाख<br>42 वर्ष<br>1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई<br>1- मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु<br>1-चवरा | | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत, वित्तीय प्रबंधन, कोष संचालन, बजट निर्माण, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखा परीक्षण तथा वित्तीय योजना से संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 13 वर्ष का अनुभव।। | **3**<br>[2-अनारक्षित, 1-ओबीसी (एनसीएल)] |
| वरिष्ठ प्रबंधक-वित्त<br>(ई-4)<br>रु. 70,000-2,00,000/-<br>सीटीसी - 23.36 लाख<br>38 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत, वित्तीय प्रबंधन, कोष संचालन, बजट निर्माण, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखा परीक्षण तथा वित्तीय योजना से संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |

IREL (India) Limited

| पद का नाम / ग्रेड / वेतनमान<br>प्रस्तावित सीटीसी<br>अधिकतम आयु सीमा<br>प्रारम्भिक नियुक्ति का संभावित स्थान | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद-अनुभव। (वर्षों में) # | पदों की संख्या एवं आरक्षण |
|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (d) |
| उप प्रबंधक- वित्त<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>1- मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु<br>1- आरईपीएम, विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश | | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत, वित्तीय प्रबंधन, कोष संचालन, बजट निर्माण, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखा परीक्षण तथा वित्तीय योजना से संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।। | **2**<br>(अनारक्षित) |
| सहायक प्रबंधक- वित्त<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>1- कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत, वित्तीय प्रबंधन, कोष संचालन, बजट निर्माण, लेखांकन, आंतरिक एवं बाह्य लेखा परीक्षण तथा वित्तीय योजना से संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(1- अनारक्षित) |
| उप महाप्रबंधक-विपणन<br>(ई-6)<br>रु. 90,000-2,40,000/-<br>सीटीसी - 30.04 लाख<br>46 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | किसी भी विषय में बीई / बी.टेक या इसके समकक्ष।<br><br>**वांछनीय:** बिक्री/विपणन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए या इसके समकक्ष। | विगत 10 वर्ष व्यवसाय विस्तार, बाज़ार अनुसंधान, उत्पाद विकास एवं सुधार, ब्रांड पोज़िशनिंग, उत्पाद वितरण तथा वाणिज्यिक सहित व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में कुल 16 वर्षों का संचयी अनुभव।। | **2**<br>(अनारक्षित) |
| उप प्रबंधक- बिक्री<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>1-कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई/<br>1-चवरा<br>1-ऑसकॉम, उड़ीसा/<br>2-आरईडी, अलुवा, केरल<br>1-मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु | | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत, संस्थागत बिक्री एवं विपणन, निर्यात तथा ट्रेडिंग/सेवाओं के क्षेत्र में 05 वर्षों का अनुभव।। खनिज व्यवसाय में अनुभव। को वरीयता दी जाएगी। | **6**<br>[4- अनारक्षित, 2-ओबीसी (एनसीएल)] |
| उप प्रबंधक- विधिक & मासंप्र<br>(ई-2) | कानून में स्नातक (एलएलबी) (3 वर्षीय) उपाधि या इसके समकक्ष | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत सरकार / सार्वजनिक उपक्रम / औद्योगिक संगठन / विधि फर्म के विधिक विभाग में | **1**<br>(अनारक्षित) |

IREL (India) Limited

| पद का नाम / ग्रेड / वेतनमान<br>प्रस्तावित सीटीसी<br>अधिकतम आयु सीमा<br>प्रारम्भिक नियुक्ति का संभावित स्थान | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद-अनुभव।<br>(वर्षों में) # | पदों की संख्या एवं आरक्षण |
|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (d) |
| रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | तथा मानव संसाधन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध, संगठनात्मक विकास, मानव संसाधन विकास / श्रम कल्याण में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि (MBA/MA/MSW) / स्नातकोत्तर डिप्लोमा या इनके समकक्ष | अनुबंध प्रबंधन, मध्यस्थता एवं सुलह, खनिज एवं खनन संबंधी विषय, भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण कानून, सिविल एवं श्रम मामलों से संबंधित कार्यों का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।। | |
| उप प्रबंधक- मासंप्र (प्रशासन)<br>(ई-2)<br>रु. 50,000-1,60,000/-<br>सीटीसी - 16.69 लाख<br>32 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | किसी भी विषय में स्नातक उपाधि तथा मानव संसाधन प्रबंधन, कार्मिक प्रबंधन, औद्योगिक संबंध, संगठनात्मक विकास, मानव संसाधन विकास / श्रम कल्याण में विशेषज्ञता सहित स्नातकोत्तर उपाधि (MBA/MA/MSW) / स्नातकोत्तर डिप्लोमा या इनके समकक्ष<br><br>**वांछनीय**: कानून में डिग्री।<br>**नोट**: न्यूनतम 60% / 55% अंकों की अनिवार्यता केवल स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा के लिए लागू होगी। | सामान्य प्रशासन / स्थापना / जनसंपर्क, सरकारी प्राधिकरणों के साथ समन्वय, पासपोर्ट, वीज़ा, परिवहन संबंधी कार्य तथा आतिथ्य प्रबंधन में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।। | **1**<br>(अनारक्षित) |
| सहायक प्रबंधक - मासंप्र<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>1- कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई/<br>1- मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु/<br>1- चवरा, केरल/<br>1- आरईडी, अलुवा, केरल | | मानव संसाधन प्रबंधन, औद्योगिक संबंध या सामान्य मानव संसाधन कार्यों आदि में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।। | **4**<br>[1- अनारक्षित,<br>1-एससी,<br>1-ओबीसी (एनसीएल)<br>1-ईडब्ल्यूएस] |
| सहायक प्रबंधक (राजभाषा)<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>1-मणवालकुरिच्चि, तमिलनाडु /<br>1-आरईडी, अलुवा, केरल | हिंदी में स्नातकोत्तर उपाधि तथा स्नातक स्तर पर अंग्रेज़ी विषय होना चाहिए।<br>या<br>अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर उपाधि तथा स्नातक स्तर पर हिंदी विषय होना चाहिए। | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत केंद्रीय/राज्य सरकारों, स्वायत्त निकायों, वैधानिक संगठनों या सार्वजनिक उपक्रमों के अंतर्गत अंग्रेज़ी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेज़ी में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी दस्तावेज़ों के अनुवाद का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।। | **2**<br>[1- अनारक्षित,<br>1-ओबीसी (एनसीएल)] |

IREL (India) Limited

| पद का नाम / ग्रेड / वेतनमान<br>प्रस्तावित सीटीसी<br>अधिकतम आयु सीमा<br>प्रारम्भिक नियुक्ति का संभावित स्थान | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | न्यूनतम प्रासंगिक पद-अनुभव। (वर्षों में) # | पदों की संख्या एवं आरक्षण |
|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (d) |
| सहायक प्रबंधक (कंपनी सचिव)<br>(ई-1)<br>रु. 40,000-1,40,000/-<br>सीटीसी - 13.35 लाख<br>28 वर्ष<br>कॉर्पोरेट कार्यालय, मुंबई | किसी भी विषय में स्नातक। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण हो तथा आईसीएसआई की सदस्यता प्राप्त हो।<br>वांछनीय: कानून में डिग्री।<br>नोट: इस पद के लिए न्यूनतम 60% / 55% अंकों की अनिवार्यता लागू नहीं होगी। | शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के उपरांत केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम / राज्य सार्वजनिक उपक्रम तथा/या पब्लिक लिमिटेड या सूचीबद्ध कंपनी के सचिवालय विभाग में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।। | 1<br>(अनारक्षित) |

**नोट – 1**

# उम्मीदवारों के अनुभव के समर्थन में, उपर्युक्त कॉलम (सी) में निर्धारित "न्यूनतम प्रासंगिक उपाधि-उपरांत कार्यानुभव" के लिए अनुभव प्रमाणपत्र, नियुक्ति आदेश, वेतन पर्चियाँ आदि जैसे दस्तावेज़ ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है, ताकि पद के लिए उनकी पात्रता स्थापित हो सके।

# अप्रेंटिसशिप अधिनियम, 1961 के अंतर्गत की गई अप्रेंटिसशिप अवधि तथा एक्ज़ीक्यूटिव ट्रेनी/मैनेजमेंट ट्रेनी/जीईटी प्रशिक्षण अवधि को उपाधि-उपरांत कार्यानुभव में शामिल किया जाएगा।

# शिक्षण/अनुसंधान फेलोशिप का अनुभव उपाधि-उपरांत कार्यानुभव में नहीं माना जाएगा।

(a) यदि कोर्स से संबंधित कार्यात्मक क्षेत्रों में दो रूपों में विशेषज्ञता अर्थात एक प्रमुख विषय एवं एक मामूली विषय में उपलब्ध होती है, तो ऐसी स्थिति में आवेदक का चयन उसकी प्रमुख विशेषज्ञता के आधार पर किया जाएगा। हालांकि, अगर ऐसा कोई अंतर नहीं है, तो दस्तावेजी साक्ष्य के अधीन किसी भी विषय में आवेदक पर विचार किया जा सकता है। इस संबंध में, आवेदक को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, जिसके माध्यम से विशेषज्ञता के प्रमुख एवं छोटे क्षेत्र या दोनों विषयों के समकक्ष महत्त्व (वेटेज), जो भी लागू हो, उसे प्रस्तुत किया जाता है।

(b) उपरोक्त में उल्लिखित, कोर्स पूर्णकालिक/नियमित रूप में होने चाहिए और राज्य/केंद्र सरकार/यूजीसी/एआईसीटीई (जो भी लागू हो) द्वारा मान्यता प्राप्त होने चाहिए।

IREL (India) Limited

(c) गैर-तकनीकी पदों के लिए, संसद या  राज्य विधानमंडल के एक अधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों, यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत विश्वविद्यालय के रूप में निर्धारित संस्थानों और संसद के अधिनियम के तहत घोषित राष्ट्रीय महत्त्ववाले संस्थानों द्वारा ऑनलाइन/दूरस्थ शिक्षण कोर्स के माध्यम से प्रदान की गई योग्यता, बशर्ते कि उन्हें हो, पर भी विचार किया  जाएगा।

(d) उपरोक्त सभी योग्यताएँ यूआर/ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के संबंध में "प्रथम श्रेणी" (कुल 60% अंक) और एससी/एसटी के उम्मीदवारों के संबंध में कुल 55% अंकों के साथ होने चाहिए। **योग्य सीए/सीएमए के संबंध में 60%/55% अंकों की आवश्यकता लागू नहीं होगी।**

(e) किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता या  अन्यथा के बारे में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआरईएल (इंडिया ) लिमिटेड के प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(f) उपरोक्त पद के लिए, उपर्युक्त उम्मीदवारों के पास अच्छा संचार एवं कौशल व्यवहार होना आवश्यक है।

(g) स्वचालित वातावरण में काम करने की क्षमता एवं कार्यालय स्वचालन उपकरणों में कुशलता का होना आवश्यक है।

**नोट: यह ध्यान दिया  जा सकता है कि उपरोक्त सभी पदों के संबंध में, जिन भागों/क्षेत्रों में अनुभव। की मांग की गई है, उन्हें इसमें शामिल किया  गया  है, परंतु यह स्थिति उपरोक्त तालिकाओं में सूचीबद्ध लोगों तक सीमित नहीं होगी।**

**1.2 उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड:**

(i) पद के लिए आवेदन करने वाले सरकारी/पीएसयू में कार्यरत उम्मीदवारों के पास **10.08.2026 तक** के पीएसयू/सरकार के आईडीए/सीडीए वेतनमान के समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव। **(योग्यता के बाद कुल अनुभव में से)** होना आवश्यक है, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है।

| **उम्मीदवार समान पद पर कार्यरत होना चाहिए या  उसके पास तत्काल निम्नतर वेतनमान या  उसके समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। विभिन्न प्रकार के वेतनमानों की संरचना के संदर्भ में समकक्षता नीचे उल्लिखित है:** | | | |
|---|---|---|---|
| **आवेदित पद का नाम एवं ग्रेड** | **निम्नतर वेतनमान में अनुभव अपेक्षित है** | | |
| | आईडीए वेतनमान | सीडीए वेतनमान | सार्वजनिक बैंक |
| महाप्रबंधक (ई-7) | 90000-240000 (ई-6) | 123100-215900 (स्तर 13) | 120940-135020 (स्केल-V) |
| उप महाप्रबंधक (ई-6) | 80000-220000 (ई-5) | 78800-209200 (स्तर 12) | 102300-120940 (स्केल-IV) |
| मुख्य प्रबंधक (ई-5) | 70000-200000 (ई-4) | 67700-208700 (स्तर 11) | 102300-120940 (स्केल-IV) |
| वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) | 60000-180000 (ई-3) | 67700-208700 (स्तर 11) | 85920-105280 (स्केल-III) |
| प्रबंधक (ई-3) | 50000-160000 (ई-2) | 56100-177500 (स्तर 10) | 64820-93960 (स्केल-II) |
| उप प्रबंधक (ई-2) | 40000-140000 (ई-1) | 56100-177500 (स्तर 10) | 48480-85920 (स्केल-I) |
| सहायक प्रबंधक (ई-1) | लागू नहीं | | |

**नोट: उम्मीदवार को तत्काल निम्न वेतनमान और नवीनतम वेतनमान के संबंध में न्यूनतम 2 वर्ष की निवास अवधि के समर्थन हेतु दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे।**

**(ii)** अधिसूचित पद से संबंधित समान / समकक्ष वेतनमान में कार्यरत उम्मीदवार या उच्चतर वेतनमान में कार्यरत उम्मीदवारों पर भी विचार किया जा सकता है। ऐसे मामलों में तत्काल निम्नतर वेतनमान में न्यूनतम **02** वर्ष के अनुभव। की अनिवार्यता आवश्यक नहीं होगी।

**(iii)** राज्य पीएसयू/स्वायत्त संगठन/पीएसबी/सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियाँ/अन्य वैधानिक निकाय आदि, जो आईडीए/सीडीए वेतनमान का पालन नहीं करते हैं, उनके लिए समकक्षता का निर्धारण उस वेतनमान के न्यूनतम मूल वेतन की तुलना द्वारा किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी ने वेतन प्राप्त किया है, और संबंधित आईडीए/सीडीए वेतनमान के साथ उसका मिलान किया जाएगा। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**(iv)** सरकारी विभाग/पीएसयू में आवधिक आधार/संविदात्मक समझौते पर कार्यरत तथा समेकित वेतन प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों के समकक्ष माना जाएगा, तथा उन्हें निम्न पैराग्राफ में वर्णित निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित पात्रता-मानदंडों को पूरा करना होगा।

**(v)** निजी क्षेत्र तथा अन्य संगठनों से आने वाले उम्मीदवारों को पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान न्यूनतम सीटीसी निम्नानुसार प्राप्त होना आवश्यक है:

| **आवेदित पद का नाम एवं ग्रेड** | **प्रतिवर्ष न्यूनतम सीटीसी लाख रुपये में** |
|---|---|
| महाप्रबंधक (ई-7) | **ई-7 ग्रेड के प्रस्तावित सीटीसी का** 70% |
| उप महाप्रबंधक (ई-6) | **ई-6 ग्रेड के प्रस्तावित सीटीसी का** 60% |
| मुख्य प्रबंधक (ई-5) | **ई-5 ग्रेड के प्रस्तावित सीटीसी का** 60% |
| वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) | **ई-4 ग्रेड के प्रस्तावित सीटीसी का** 50% |
| प्रबंधक (ई-3) | **ई-3 ग्रेड के प्रस्तावित सीटीसी का** 50% |
| उप प्रबंधक (ई-2) | **ई-2 ग्रेड के प्रस्तावित सीटीसी का** 50% |
| सहायक प्रबंधक (ई-1) | लागू नहीं |

**नोट:**

**1.** उम्मीदवार को उपर्युक्त वर्णित सीटीसी के प्रमाण के रूप में प्रस्ताव पत्र-फॉर्म/वेतन पर्चियाँ/सीटीसी प्रमाणपत्र/16/आईटीआर आदि जैसे दस्तावेज़ अपलोड करना आवश्यक है। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**2.** उपर्युक्त वर्णित न्यूनतम सीटीसी मानदंड ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा, जो ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित पद के विरुद्ध आवेदन कर रहे हैं।

**1.3 वेतन एवं भत्ते:**

**वेतनमान एवं सीटीसी**

| क्र. सं. | ग्रेड | वेतनमान | प्रति वर्ष सीटीसी (लगभग रुपये में) **#** |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-7 | 1,00,000-2,60,000 | 33.38 लाख |
| 2 | ई-6 | 90,000-2,40,000 | 30.04 लाख |
| 3 | ई-5 | 80,000-2,20,000 | 26.70 लाख |
| 4 | ई-4 | 70,000-2,00,000 | 23.36 लाख |
| 5 | ई-3 | 60,000-1,80,000 | 20.02 लाख |
| 6 | ई-2 | 50,000-1,60,000 | 16.69 लाख |
| 7 | ई-1 | 40,000-1,40,000 | 13.35 लाख |

IREL (India) Limited

# उपर्युक्त सीटीसी के अतिरिक्त, नियमों के अनुसार वार्षिक प्रदर्शन-संबंधी वेतन भी प्रदान किया जाएगा।

# वरिष्ठ प्रबंधक (मेडिकल), ई-4 ग्रेड के पदधारक को सीटीसी के अतिरिक्त नॉनप्रैक्टिसिंग अलाउंस प्राप्त करने का भी अधिकार होगा-, जो वर्तमान में मूल वेतन का 20% है।

मूल वेतन वेतनमान के न्यूनतम स्तर पर होगा, तथापि, प्राधिकारी के विवेक पर लागू मानदंडों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति उच्च प्रारंभिक वेतन के अनुरूप विचार के अधीन होगी।

राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से चयनित उम्मीदवार लागू नियमों के अनुरूप वेतन संरक्षण हेतु पात्र होंगे।

केवल डीपीई के तहत सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के उम्मीदवार ही आईआरईएल में हस्तांतरण किए जाने वाले सेवा लाभ हेतु पात्र होंगे, बशर्ते कि संबंधित नियमों के अधीन वर्तमान नियोक्ता से लिखित सहमति और निधियों का हस्तांतरण किया गया हो।

मूल वेतन के अलावा महंगाई भत्ता, एचआरए/कंपनी आवास, भत्ते व सुविधाएं, वार्षिक वेतन वृद्धि, अवकाश नकदीकरण जैसे लाभ, स्वयं व आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, ऋण व अग्रिम, पीएफ, ग्रेच्युटी, प्रदर्शन संबंधित वेतन (पीआरपी), सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा योजना (पीआरएमएस), वर्दी (यूनिफ़ॉर्म) आदि कंपनी के नियमों के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे।

**1.4 तैनाती का स्थान:**

सारणी-2 में दर्शाए अनुसार प्रारंभिक तैनाती स्थान निर्धारित होगा। हालाँकि, पदधारियों को कंपनी की किसी भी इकाई/कार्यालय/प्रतिष्ठान में पदस्थापित/स्थानांतरित किया जा सकता है।

**1.5 आयु में छूट:**
विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु में छूट निम्नानुसार है:

| श्रेणी | | आयु में छूट (वर्षों में) | |
|---|---|---|---|
| यूआर/ईडब्ल्यूएस | | शून्य | |
| ओबीसी (एनसीएल) | | 3 | |
| एससी | | 5 | |
| i | पीडब्ल्यूबीडी | यूआर/ईडब्ल्यूएस | 10 |
| ii | पीडब्ल्यूबीडी | ओबीसी (एनसीएल) | 10+3 |
| iii | पीडब्ल्यूबीडी | एससी | 10+5 |
| भूतपूर्व सैनिक | | लागू नियमों के अधीन प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से नियुक्ति के लिए ईसीओ/एसएससीओ सहित भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन अधिकारियों के मामले में सैन्य सेवा की अवधि में 3 वर्ष की वृद्धि की गई है। | |
| केंद्र/राज्य सरकार/अर्ध-सरकारी/पीएसयू/सरकार स्वायत्त संगठन | | सभी श्रेणियाँ | 5 |
| 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर का अधिवास प्रमाण | | यूआर/ईडब्ल्यूएस | 5 |
| | | ओबीसी (एनसीएल) | 5+3 |
| | | एससी | 5+5 |
| विभागीय (आंतरिक) उम्मीदवार | | 10 | |

किसी भी मामले में, आवेदक की ऊपरी आयु (सभी छूट सहित) 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**2 आरक्षण एवं रियायत:**

IREL (India) Limited

(a) आरक्षण एवं रियायतों के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश/दिशा-निर्देश लागू किए जाएंगे।

(b) ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर)/एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी (40% या उससे अधिक दिव्यांगता)/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए आयु-रियायत भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा तथा यह तभी प्रदान किया जाएगा जब वैध ओबीसी (एनसीएल)/एससी/एसटी/दिव्यांगता/डिस्चार्ज प्रमाणपत्र आवेदन पंजीकरण के समय अपलोड किए गए हों।

(c) आरक्षण लाभ का दावा करने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित जाति/विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

